International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

राजस्थान सरकार
राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, बीकानेर
शिवबाड़ी रोड, सादुलगंज, बीकानेर–334001 (राजस्थान)
फोनः–0151-2542064 ईमेलः– gpc.bikaner@rajasthan.gov.in

क्रमांकः–एफ–54/रापोबी/स्था/2026/3238 दिनांक :– 31/07/26

गेस्ट फेकल्टी के रूप में प्रवक्ता एवम प्रयोगशाला सहायक का पेनल बनाने हेतु विज्ञप्ति

इस महाविद्यालय में वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग, जयपुर के परिपत्र क्रमांक प.6 (2) वित्त/सावितेनि/2021 दिनांक 30.03.2021 एवं समसंख्यक आदेश प6(2)वित्त/सावितेनि/2021 जयपुर दिनांक 07.08.2023 द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार विद्या संबल योजना के सम्बन्ध में निदेशालय के पत्रांक एफ–8(1–ए) प्राशिनि/ई–1/सी–5/2022/6610 दिनांक 10.08.2023 में वर्णित दिशा निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र **2026–27** हेतु राजस्थान तकनीकी शिक्षा (अभियांत्रिकी एवं गैर अभियांत्रिकी) सेवा नियम 2017 के अन्तर्गत प्रवक्ता **गणित, रसायन एवं अंग्रेजी** के पद हेतु एवं छात्रों के प्रायोगिक कार्य करवाने हेतु राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग (ए–ग्रुप।।) द्वारा जारी राजस्थान तकनीकी शिक्षा अधिनस्थ सेवा नियम 1973 के अनुसार **प्रयोगशाला सहायक** की निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदनकर्ताओं से प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राज. जोधपुर द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अध्यापन/प्रायोगिक कार्य हेतु गेस्ट फेकल्टी पैनल तैयार करने के लिये निम्नानुसार योग्यताधारी गेस्ट फेकल्टी हेतु इच्छुक अभ्यार्थियों आवेदन पत्र/प्रार्थना पत्र मय शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव सम्बन्धित समस्त सूचनायें एवं समस्त दस्तावेज की फोटो प्रतियों सहित (स्व–प्रमाणित) दिनांक **08.08.2026** तक महाविद्यालय में दोपहर 3.00 बजे तक जमा करवाया जा सकता हैं । अन्तिम तिथी के पश्चात प्राप्त प्रार्थना पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

क्र. सं	पद का नाम	निर्धारित योग्यता
1	प्रवक्ता गणित (2 पद)	गणित में प्रथम श्रेणी से स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण
2	प्रवक्ता रसायन शास्त्र (1 पद)	रसायन शास्त्र में प्रथम श्रेणी से स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण
3	प्रवक्ता अंग्रेजी (1 पद)	अंग्रेजी में प्रथम श्रेणी से स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण
4	प्रयोगशाला सहायक (1 पद)	मान्यता प्राप्त बोर्ड से सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा विज्ञान, गणित के साथ उर्तीण होना आवश्यक हैं ।

नोटः–

1. स्थानान्तरण एवं नवीन नियुक्ति द्वारा रिक्त पद के भरे जाने पर गेस्ट फेकल्टी की व्यवस्था स्वतः समाप्त समझी जावेगी ।
2. गेस्ट फेकल्टी को किसी प्रकार का अनुभव/कार्यरत होने का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जायेगा
3. यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थाई तथा एक सेमेस्टर या एक सत्र के लिये होगी तथा भविष्य में इस व्यवस्था के आधार पर नियमित नियुक्ति हेतु दावा नहीं किया जा सकेगा।
4. आवेदन हेतु आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष व अधिकतम 65 वर्ष होगी ।

(कृष्ण कुमार सुथार)
प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय,
बीकानेर ।